श्री टुनजी पाण्डेय, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारंकित प्रश्न सं0–आई0आर0–25 से उद्भूत आश्वासन सं0– 10/182 का अद्यतन प्रतिवेदन

क्र0	प्रश्न	आश्वासन	अद्यतन प्रतिवेदन
क	क्या यह सही है कि सिवान जिला के दरौली एवं आन्दर प्रखण्ड से गुजरने वाली झरही नदी के दोनों तटबंध पर पक्कीकरण का कार्य वर्ष 2007 से लंबित है,	अस्वीकारात्मक।	झरही नदी के दाएँ एवं बाएँ तटबंध की कुल लंबाई क्रमशः 8–8 किलोमीटर है। झरही नदी के बाएँ तटबंध के 8.00 किलोमीटर लंबाई में से वर्तमान में 4.50 किलोमीटर लम्बाई में ब्लैकटॉप सड़क तथा 1.00 किलोमीटर लंबाई में पीसीसी सड़क निर्मित है। इसके अतिरिक्त 2.50 किलोमीटर की लंबाई में शीर्ष पर ईंट–सोलिंग कार्य कराया हुआ है। झरही नदी के दाएँ तटबंध के 8.00 किलोमीटर लंबाई में से वर्त्तमान में 5.76 किलोमीटर की लंबाई में ब्लैकटॉप सड़क तथा 140 मीटर लंबाई में पीसीसी सड़क निर्मित है। शेष 2.10 किलोमीटर की लंबाई में, एजेंडा सं0–242/88/2026 के तहत् बाढ़ 2026 पूर्व, तटबंध का सेक्शनिंग एवं जी0एस0बी लेईंग कार्य कराकर तटबंध को मोटरेबल कर लिया गया है एवं तटबंध पर आवागमन जारी है। अतः आश्वासन को निष्पादित किया जा सकता है।
ख	क्या यह सही है कि दोनों तटबंधों पर पक्कीकरण कार्य का शिलान्यास वर्ष 2007 में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया था,	स्वीकारात्मक।	
ग	क्या यह सही है कि शिलान्यास के 8 वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी पक्कीकरण का कार्य नहीं किया गया है,	आंशिक अस्वीकारात्मक।	
घ	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार झरही नदी के दोनों तटबंध पर पक्कीकरण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हॉ तो कबतक ?	वस्तुस्थिति है कि झरही नदी के बॉये एवं दॉये तटबंध पर उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण कार्य वर्ष 2007 में प्रारम्भ किया गया था। तटबंध निर्माण में मिट्टी भराई कार्य 3/4 भाग पूर्ण होने के पश्चात् दिनांक 17.01.2008 को कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा कम्पनी के दो रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई। फलस्वरूप संवेदक द्वारा कार्य बन्द कर दिया गया। विभाग द्वारा पुनः निविदा आमंत्रित कर झरही नदी के दॉये तटबंध के 0.00 कि0मी0 से 4.14 कि0मी0 उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य एवं बॉये तटबंध में 4.00 कि0मी0 में पक्कीकरण कार्य दिनांक–19.03.2013 तक करा लिया गया है तथा 4.00 कि0मी0 4.50 कि0मी0 के बीच पी0डब्लू0डी0 द्वारा सड़क बनाया गया है। अवशेष झरही नदी के बॉये तटबंध में 4.50 कि0मी0 8.00 कि0मी0 एवं दॉये तटबंध में कि0मी0 0.00 से कि0मी0 7.650 के बीच बॉध का सुदृढ़ीकरण, उच्चीकरण एवं पक्कीकरण कार्य का प्राक्कलन तैयार करने हेतु मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, सिवान के पत्रांक 768 दिनांक 17.03.2016 द्वारा कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, सिवान को निदेश दिया गया है।	

P.T.O.

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03 / 2024– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 182वें सत्र के उनके ज्ञापांक–122(6) दिनांक–31.08.2017 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–आई0आर0–25 से उदभूत आश्वासन सं0–10 / 182 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03 / 2024– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03 / 2024– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– अवर सचिव, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(गो0)–12–03 / 2024– ५५५० पटना, दिनांक– 06/10/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06.10.26
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव
06.10.26